


यूनिट 10
स्टोर की सुरक्षा

Unit	Chapter
स्टोर की सुरक्षा	कार्यस्थल की सुरक्षा और सुरक्षा उपकरण
	सुरक्षा दृष्टि से कार्यस्थल में सामान्य खतरे और उनकी रोकथाम



यूनिट 10.1 कार्यस्थल की सुरक्षा और सुरक्षा उपकरण

उद्देश्य

- कार्यस्थल की सुरक्षा और उसे महत्व को समझना।
- आमतौर पर प्रयोग होने वाले आम सुरक्षा उपकरण।

मॉड्यूल

10.1.1 कार्यस्थल की सुरक्षा
10.1.2 सुरक्षा उपकरण

10.1.1 कार्यस्थल की सुरक्षा

सुरक्षा प्रत्येक संस्थान के लिए महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार किसी भी रिटेल स्टोर के लिए उसके कर्मचारियों व उत्पादों की सुरक्षा सर्वोपरि है। कार्यस्थल की सुरक्षा कर्मियों द्वारा सुरक्षा उपकरणों के माध्यम से की जा सकती है।

हमारे चारों ओर दिन–प्रतिदिन जोखिम बढ़ता जा रहा है। काई भी स्थान चाहे वह कंस्ट्रकशन साइट हो, ऑफिस हो, फैक्ट्री या रिटेल स्टोर हो, खतरे से खाली नहीं है। कर्मियों की सुरक्षा और कम्पनियों की आर्थिक स्थिति पर भी खतरा बना रहता है।

ऐसे जोखिम का पहला निशाना कर्मी या कर्मचारी होते है जो किसी संस्था की वहली सुरक्षा पंक्ति होते है।

- जेखिमः प्रकतिक अथवा मानवीय कारणों से, व्यक्तिगत, सूचना, कार्य, वातावरण और संपत्ति को होने वाली हानि की आशंका।
- आशंकाः भौतिक और कार्यप्रणाली किसी खतरे को बुलावा देने का कारण बन सकती है, भौतिक लक्षण जैसे (टूटी चार दीवारी, गेट) सायबर तत्व (जैसे फायरवाल का न होना) अथवा मानवीय तत्व (जैसे अप्रशिक्षित गार्ड) इत्यादि से जोखिम की आशंका बनी रहती है।
- प्रभावः किसी घटना का प्रभाव।

संस्थाँए जोखिम कम करने के लिए कंक्रीट बैरियर और गेट जैसे सुरक्षा उपाय करती है। कोई संस्था कितनी भी सुरक्षा उपाय कर ले परंतु कर्मचारियों के लिए रिर्पोट जरूरी है कि वे किसी भी अप्रत्याशित घटना के प्रति सजग रहें। इन परिस्थितियों में शामिल हैं –

- जानें कि किस प्रकार की गतिविधियों की शिकायत करनी है।
- इस प्रकार के बर्ताव व गतिविधियों की जानकारीं संबधित सूपरवाइजर अथवा व्यक्ति को देनी है।
- कभी भी व्यक्तिगत सूरक्षा, कानूनी प्रावधानों और कम्पनी के नियमों का उल्लंघन कर खतरे का सामना नहीं करें।

यदि कार्यस्थल पर सुरक्षा से किसी प्रकार समझौता किया जाता है तो संस्था को काफी नुकसान होने का खतरा बना रहता है। इस प्रकार का नुकसान, चोरी, डकैती, तोड़–फोड़, आग इत्यादि से हो सकता है।


नुकसान आर्थिक रूप से ही नहीं बल्कि भोतिक और भावनात्मक भी हो सकता है।

10.1.2 सुरक्षा उपकरण

कार्यसथल की सुरक्षा के लिए कई प्रकार के उपकरण प्रयोग में होते है। इन उपकरणों से स्टोर की सुरक्षा बढ़ती है और कर्मचारियों को सजग और जागरूक बनाने में मद्द मिलती है। स्टोर की सुरक्षा के लिए सामान्य रूप से प्रयोग होने वाले उपकरण निम्नलिखित हैं –

CCTV कैमरा

इन कैमरों को स्टोर में निश्चित स्थानों पर स्थापित किया जाता है और कंट्रोल रूम में स्थित टी.वी. की सहायता से वीडियों देखी जाती है। CCTV कैमरे की सहायता से निरंतर निगरानी और चौकसी बरती जा सकती है।



रेडियो फ्रीक्वैंसी (तरंग) सिस्टम (आर एफ सिस्टम)

इसे इलैक्ट्रानिक आर्टीकल के नाम से भी जाना जाता है। इससे स्टोर में होने वाली चोरी से बचा जा सकता है। इसमें दो स्तंभ या पैडिस्टल प्रवेश द्वार पर स्थापित किए हैं और सभी उत्पादों पर रेडियो टैग स्थापित किए जाते हैं। आजकल स्टोरों मे एक चुंबकीय, लोहे की पट्टी या एक रेडियो टैग उत्पाद पर चिपका दिया जाता है। इसे स्कैनर की सहायता से निष्क्रिय किया जाता है। यदि कोई किसी उत्पाद को चोरी करता है या कोशिश करता है तो इस स्थिति में गेट पर स्थापित स्तंभ अर्लाम बजा कर सूचना दे देता है।

स्मोक डिटैक्टर

यह उपकरण छत पर लगा होता है और आग लगने की स्थिति में धुआँ आने पर सक्रिय होता है। इसके सक्रिय होने पर फायर अलार्म बजता है व पानी के फ्वावारे सक्रिय हो जाते है।

वाटर स्प्रिंकलर सिस्टम

यह भवन के अंदर छत में लगा स्वचालित अग्निशामक यंत्र है। स्मोक डिटैक्टर से संदेश मिलने पर यह उच्च दाब व भारी मात्रा में जल छिड़काव करता है।

फायर अलार्म सिस्टम

फायर अलार्म सिस्टम आग लगने की चेतावनी देने वाला यंत्र है। यह अलार्म स्मोक डिटेक्टर से जुड़ा होता है जो आग लगने पर ऑटोमैटिक या किसी व्यक्ति के द्वारा चालू किया जा सकता है। यह एक अलार्म सिस्टम है जिसका हाथ व इलैक्ट्रानिक माध्यम से संचालन आग लगने पर किया जा सकता है। सामान्यतौर पर फायर अलार्म सिस्टम स्मोक डिटेक्टर से जुड़ा हुआ होता है व उसके सक्रिय होने पर बजता है।

ये उपकरण RF/EAS सिस्टम द्वारा और सी.सी.टी.वी कैमरा लॉस प्रीवेंश डिवाइसेस के नाम से भी जाने जाते हैं जो स्टोर की चोरी या डकैती के आर्थिक नुकसान से रक्षा करते है।

यह प्रत्सेक कर्मी की जिम्मदारी है कि ये उपकरण सक्रिय हों और सुचारु रूप से काम कर रहे हों। किसी भी त्रुटि की स्थिति में सूपरवाइजर को तुरंत सूचना दी जानी चाहिए।

फायर और स्मोक अलार्म उपकरणों को सुरक्षा उपकरणों के नाम से जाना जाता है। ठीक लॉस प्रीवेंशन डिवाइसेस की तरह कर्मियों को सुनिश्चित करना चाहिए कि ये उपकरण सक्रिय हों तथा सूचारू रूप से कार्य कर रहे हो

सैद्धांतिक अभ्यास

1. यदि आप सेल्स डिपार्टमेंट में हैं तो स्टोर सुरक्षा का दायित्व आपका नहीं है।
   a) सही
   b) गलत
   c) गलत, स्टोर की सुरक्षा की जिम्मेदारी सामूहिक रूप से सभी कर्मचारियों की है।
   d) इनमें से कोई नहीं।
2. कार्यस्थल की सुरक्षा में लापरवाही से केवल आर्थिक नुकसान होता है –
   a) सही
   b) गलत
   c) गलत, भौतिक एवं भावनात्मक नुकसान भी होता है।
   d) इनमें से कोई नहीं।
3. कार्य करते समय खतरे की परिस्थिति उत्पन्न हो जाती है। आप देखते हैं कि स्टोर के सॉकेट बोर्ड से चिंगारियाँ निकल रहीं है। अब आप क्या करेगें?
   a) चिंगारी को पानी से बुझाएंगे
   b) सर्किट बोर्ड खोलेगे और समस्या की जाँच करेगे
   c) तुरंत सूपरवाइजर और स्टोर में मेंटेनैंस ऑफिसर को बुलांए
   d) इनमें से कोई नहीं।
4. आपके स्टोर में एक ग्राहक सामान चुराने की कोशिश करता है। किस उपकरण के माध्यम से इसकी जानकारी प्राप्त होगी।
   a) फायर आलार्म
   b) RF सिस्टम और EAS सिस्टम
   c) स्मोक आलार्म
   d) इनमें से कोई नहीं।

हमनें सीखा

- कार्यस्थल की सुरक्षा का महत्व
- सुरक्षा उपकरण
- लॉस प्रीवेंशन डिवाइसेस

यूनिट 10.2 सुरक्षा दृष्टि से कार्यस्थल में सामान्य खतरे और उनकी रोकथाम

उद्देश्य

- सुरक्षा की दृष्टि से कार्यस्थल के खतरों की पहचान।
- कार्यस्थल की सुरक्षा के खतरों से निपटना।

मॉड्यूल

10.2.1 सुरक्षा की दृश्टि से सामान्य खतरे–प्रतिक्रिया और रिपोर्ट
10.2.2 विचार और लिखना

10.2.1 सुरक्षा की दृष्टि से सामान्य खतरे–प्रतिक्रिया और रिपोर्ट

सुरक्षा की दृष्टि से कार्यस्थल से जुड़े सामान्य खतरे और उनकी प्रतिक्रिया निम्नलिखित हैं –

आग – अधिकतर व्यवसायों के लिए आग एक बड़ा खतरा है। इसके तीन मुख्य कारण है – • यह तेज गति से फेलती है। • यह मानवीय चूक से होती है। • यह लापरवाही का नतीजा है।	सभी उत्पादों का भण्डारण सही रूप से करें • फायर एग्जिट रूट बनाएं। • निरंतर जाँचे/दिन के अंत में जाँचे। • सिक्योरिटी/आगंतुक नियंत्रण • फायर ड्रिल • अग्नि शामक यंत्र/उपकरण
करैंट लगना – यह खतरा बिजली के उपकरण (वायरिंग, प्लग, सार्केट, डिस्ट्रीब्यूशन बोर्ड इत्यादि) और पोर्टेबल विघुत उपकरणों कोई भी विद्युत उपकरण से होता है।	• उपकरणों की नियमित जाँच/इंस्टालेशन की नियमित जाँच • योग्य व्यक्ति द्वारा निरीक्षण, रखरखाव और टेस्टिंग। • प्रभावी डिफेक्ट रिपोर्टिंग सिस्टम
हिंसा – बोलचाल या शारारिक हो सकती है। चोरी, आतंकवादी गतिविधि या ग्राहक की शिकायत के कारण होती है।	• अलार्म, प्रशिक्षण इत्यादि • कैमरा • कर्मियों और महंगी वस्तुओं को अलग करें • काम का स्वरूप • स्टाफ की संख्या नियंत्रण में रखें • पुलिस या संबंधित ऑर्थोरिटी को सूचित करे

कार्यस्थल के परिवहन और वेयरहाउस की सुरक्षा • प्रत्येक वर्श कार्यस्थल से संबंधित कई घटनाएं होती है जिनमें कर्मियों द्वारा चोरी या सामान पहुँचाने वाले व्यक्ति द्वारा चोरी सामान्य है। जब स्टोर तक सामान पहुँचाया जाता है। डिलीवरी स्टॉक या वेयरहाउस में चोरी होना है।	• वाहन और लोगों की पहचान करें • सुनिश्चित करें कि गार्ड वाहन ओर दस्तावेजों की सही जाँच करें • सामान चढ़ाते व उतारते समय निगरानी करें • ट्रांसपोर्ट एरिया में निगरानी के लिए सी.सी.टी. वी. कैमरा स्थापित करें • स्टॉक में ऊँच–नीच होने पर तुरंत सूपरवाइजर को जानकारी दें।
शॉपलिफ्टिंग – • ग्राहको द्वारा स्टोर से सामान चुराना शॉपलिफ्टिंग है। • प्रत्येक वर्श शॉपलिफ्टिंग से करोड़ों का नुकसान होता है।	• ग्राहक के संदिग्द्ध व्यवहार पर ध्यान दें। • सी.सी.टी.वी. निगरानी को समय–समय पर जाँचे। • ध्यान दें कि लॉस प्रीवेंशन डिवाइसेस सुचारू रूप से कार्य कर रहें हो। • सुनिश्चित करें कि अलार्म बजने पर गार्ड के सक्रिय होने की पूरी प्रक्रिया से परिचित हो।

यह कार्यस्थल पर सुरक्षा को प्रभावित करने वालें खतरों की सूचि है। इसके अलावा कई ऐसी परिस्थितियाँ हैं जो कार्यस्थाल की सुरक्षा को प्रभावित करते हैं जैसे स्टाफ द्वारा चोरी, गुस्सेल ग्राहक, बर्बरता और आतंकवादी गतिविधियाँ इनमें शामिल है। एक कर्मचारी को हर समय सजग रहना पड़ता है और किसी भी खतरे की स्थिति में सूपरवाइजर या संबंधित अधिकारी को सूचित करना चाहिए। उदाहरण – आग की स्थिति में कर्मी को अग्निशामन विभाग को तुरंत सूचित करना चाहिए या चोरी होने पर पुलिस को तत्काल सूचना दें। यदि किसी परिस्थिति में कोई जख्मीं या चोटिल हो तो ऐसी अवस्था में, अस्पताल या आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को सूचित करें।

विचार करें और लिखें

आप एक रिटेल स्टोर में कार्यरत है। आपको पता चलता है कि वेयरहाउस के स्टाक में कुछ सामान उपलब्ध नहीं है। आप ऐसी स्थिति में क्या करेगें और भविश्य में ऐया न घटित हो उसके लिए क्या कदम उठाएंगे।

सैद्धांतिक अभ्यास

1. निम्न में से कौन सी प्रक्रिया आग से बचने की सावधानियां में शामिल नहीं है ?
   a) फायर सिक्योरिटी ड्रिल
   b) फायर एक्जिट का रखरखाव
   c) अग्निशामक उपकरण
   d) **EAS** उपकरण
2. एक ग्राहक किसी स्टोर से सामान चोरी करता है उसे क्या कहेगें ?
   a) पिलकरेज
   b) डकैती

c) शॉपलिफ्टिंग

d) इनमें से कोई नहीं

3. यदि आप आपको पता चलता है कि स्टोर के स्टाक में से कुछ सामान कम है। भविष्य में ऐसी घटना न हो इसके लिए आप क्या करेगें।

a) स्टोर या वेयरहाउस में फायर अलार्म लगाना

b) समान उतारते व चढ़ाते समय निगरानी करना।

c) स्मोक डिटेक्टर लगाना

d) इनमें से कोई नहीं

4. आप एक रिटेल स्टोर में कार्यरत है। दो ग्राहकों में विवाद हिंसा का रूप ले लेता है। ऐसी अवस्था में आप क्या करेंगे।

a) किसी एक ग्राहक का साथ देंगे

b) उनसे झगड़ा करेंगे

c) ग्राहकों को शांत करेंगे और यदि आवश्यक हो तो पुलिस को बुलांएगे

d) इनमें से कोई नहीं